भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1137
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बागमती बांध का डेवलपमेंट

1137. श्रीमती लवली आनंदः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बागमती बांध के आस-पास के क्षेत्रों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए कोई योजना बनाने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' नामक योजनाओं के तहत राज्य सरकारों के पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी प्रयासों को, उनसे उपयुक्त परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर, योजना दिशा-निर्देशों के साथ उनकी अनुरूपता तथा निधियों की उपलब्धता आदि के आधार पर सहायता प्रदान कर, संपूरित करता है। बागमती बांध के निकटवर्ती क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों के रूप में विकास के लिए पृथक योजना बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****